माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

ई–मेल : mpbse@mp.nic.in वेब साइट : www.mpbse.nic.in
कार्या– (0755) 2551650, फैक्स – (0755) 2552061

पत्र क्रमांक /860 /परीक्षा समन्वय/2018 दिनांक – 21 /08 /2018

// आदेश //

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश द्वारा शिक्षण सत्र 2018–19 में आयोजित की जाने वाली हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी एवं व्यावसायिक परीक्षाओं के आवेदन पत्र मान्यता प्राप्त संस्थाओं के नियमित छात्रों के प्रवेश एवं परीक्षा संबंधी मार्गदर्शिका पुस्तिका आदेश क्रमांक 785–86 दिनांक 22.06.2018 जारी की गई है। जारी निर्देशों में कक्षा 9वीं/11वीं के नामांकन ऑनलाइन जमा करने की तिथि 12.08.2018 निर्धारित की गई थी। तत्पश्चात् मण्डल के आदेश क्रमांक 853–54/प.स./2018 दिनांक 14.08.2018 जारी कर शुल्क पेड करने हेतु सामान्य शुल्क के साथ दिनांक 31.08.2018 तक अतिरिक्त समय प्रदान किया गया था। कतिपय संस्था प्राचार्य एवं छात्र द्वारा नामांकन की कार्यवाही तंकनीकि समस्या के कारण अभी भी नहीं कर सके हैं।

अतः छात्रहित में निर्णय लिया गया है, कि कक्षा 9वीं/11वीं/हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी/हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक/शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण पत्रोपाधि एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (DPSE) प्रथम एवं द्वितीय वर्ष परीक्षाओं में शिक्षण सत्र 2018–19 हेतु जिन छात्रों का प्रवेश निर्धारित तिथि में किया गया हैं, उन छात्रों के परीक्षा फार्म/नामांकन फार्म एवं शुल्क जमा करने की तिथि दिनांक 31.08.2018 निर्धारित की जाती है। उक्त तिथि के पश्चात् किसी भी कक्षा में नियमित परीक्षार्थी के रूप में नवीन प्रविष्ठि अथवा सामान्य शुल्क जमा करने की अनुमति प्रदाय नहीं की जावेगी।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,मध्यप्रदेश
भोपाल

पृष्ठांकन क्रमांक /861 /परीक्षा समन्वय/2018 दिनांक – 21 /08 /2018

प्रतिलिपि–

1. निजी सहायक–अध्यक्ष/सचिव/उपसचिव/परीक्षा नियंत्रक/मा.शि.म.मध्यप्रदेश।
2. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, म.प्र. भोपाल।
3. संयुक्त संचालक, शिक्षा समस्त, मध्यप्रदेश।
4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
5. आंचलिक अधिकारी/समस्त, संभागीय अधिकारी/समस्त स.स./क.अ.परीक्षा संभाग।
6. पंजीयक परीक्षा/विधि अधिकारी/सी.एस.ओ./लोक सूचना मा.शि.मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल।
7. जनसंपर्क अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. की ओर व्यापक प्रचार प्रसार हेतु सूचनार्थ।
8. प्राचार्य, समस्त मान्यता प्राप्त संस्थायें मध्यप्रदेश।
9. संचालक, एम पी ऑनलाईन लिमि. निरूपम टावर के पास मिसरोद भोपाल की ओर सूचनार्थ।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,मध्यप्रदेश
भोपाल

E:\SAMANVAY\exam\exam 1819\letter1819.doc